
The week proved to be beneficial in alleviating water shortages as the country's 91 key reservoirs also recorded sufficient increase in the availability of water due to good monsoon rains.

The sowing data, released by the agriculture ministry on Friday, shows that the total sown area under kharif crops increased from 406.27 lakh hectare on July 8 to 559.76 lakh hectare as on Friday — indicating a pick up in pace of sowing operations in many parts of the country during the week. The jump is mainly attributed to increasing acreage in Karnataka and Madhya Pradesh.

The sown area at this time last year was 548.38 lakh hectare. "We will see the increasing trend till the end of the kharif sowing season in September", said an official, adding the availability of water in reservoirs will also increase during the remaining period of the monsoon season.

Area under pulses increased from 45.94 lakh hectare as on July 8 to 71.07 lakh hectare on Friday. As compared to the corresponding period last year, the acreage for pulses shows a substantial jump. The acreage was 51.12 lakh hectare at this time last year.

Farmers' enthusiasm towards sowing of pulses can be attributed to the recent increase in the minimum support prices (MSP). The record shows that the farmers have shifted from other crops like cotton and oilseeds towards pulses for higher MSP and bonus.



Sown area under pulses increased in Karnataka, Madhya Pradesh, Rajasthan and Maharashtra. Though there was a marginal increase in area under paddy, coarse cereals, oilseeds and sugarcane during the week, area under cotton crop was down by 24% during the said period.

News item/letter/article/editorial published on 18/7/16 in the

Hindustan Times
Statesman
The Times of India (N.D.) ✓
Indian Express
Tribune
Hindustan (Hindi)
Nav Bharat Times (Hindi)
Punjab Keshari (Hindi)
The Hindu
Rajasthan Patrika (Hindi)
Deccan Chronicle
Deccan Herald
M.P.Chronicle
A a j (Hindi)
Indian Nation
Nai Duniya (Hindi)
The Times of India (A)
Blitz

and documented at Bhagirath(English)& Publicity Section. CWC.

HC: Report steps on rainwater harvesting

Pollution & Civic Agencies To Reply By Aug 17

The bench asked civic agencies whether they have taken steps to encourage rainwater harvesting and also questioned whether rainwater harvesting systems have been installed on the court premises and in the government buildings

New Delhi: The Delhi high court has asked all civic agencies whether they have taken steps to encourage rainwater harvesting in the national capital and sought a detailed report from them on the current status of their initiatives.

A bench of Justices B D Ahmed and Ashutosh Kumar issued notice to Delhi Pollution Control Committee, Central Ground Water Authority (CGWA), all the three municipal corporations and New Delhi Municipal Council (NDMC) and sought reports from them by August 17.

The notices were issued to the various agencies after the court noted that monsoon has already arrived in the national capital but none of the agencies have any policy to adopt rainwater harvesting systems in the city.

"I do not know why anybody is not interested in doing any job. By the time you will do, rain will be over," the bench said.

The court also said that while Delhi Jal Board (DJB) has indicated steps to be taken, it has not mentioned a timeline for the same.

The counsel for DJB said it has launched three rainwater harvesting information centres that will recommend the type of conservation practices to be adopted and also train plumbers and masons in designing such facilities.

"An NGO, working in the water sector, has partnered with the DJB to run the centres," DJB's counsel said.

The court was hearing a public interest litigation by advocate R K Kapoor seeking implementation of rainwater harvesting units in the national capital, especially in government buildings and hospitals.

The bench questioned whether rainwater harvesting systems have been installed in the court premises and in government buildings. PTI

News item/letter/article/editorial published on 18/7/16 in the

Hindustan Times	Nav Bharat Times (Hindi)	M.P.Chronicle
Statesman	Punjab Keshari (Hindi)	A a j (Hindi)
The Times of India (N.D.) ✓	The Hindu	Indian Nation
Indian Express	Rajasthan Patrika (Hindi)	Nai Duniya (Hindi)
Tribune	Deccan Chronicle	The Times of India (A)
Hindustan (Hindi)	Deccan Herald	Blitz

and documented at Bhagirath(English)& Publicity Section, CWC.

Colonies manage to turn around water table

[illegible] Gandhiok
@[illegible]roup.com

New Delhi: Around 13 years ago, Defence Colony's groundwater levels had gone down to 80 feet below the ground and water scarcity became a common problem in this affluent locality. That is when the Defence Colony Welfare Association decided to install a rainwater harvesting system costing around Rs 3 lakh. Ahead of this monsoon, the level was measured at 40 feet below the ground with 25 recharge pits in place to collect rainwater.

Working with Force, an NGO, the association built the recharge pits in the areas prone to waterlogging. According to Ramesh Malhotra, its joint secretary, the model has worked so well that the association is planning to install 50 more rainwater harvesting pits in the locality. "We conducted an independent study last year, which found that the groundwater level has risen by close to 30 feet at many places," said Malhotra.

RECYCLING RESOURCE

COST OF INSTALLING A RAINWATER HARVESTING SYSTEM

- **₹2,000 to ₹30,000** for an area of about 300 sq m, depending on the cost of the equipment
- Colony projects may cost from **₹50,000 to ₹8 lakh,** depending on the number of pits to be installed

COMPONENTS OF SYSTEM



CATCHMENT Surface area directly receiving rainwater

COARSE MESH Separate debris from water

GUTTERS Channels all around the edge of a sloping roof to collect and transport rainwater to storage tank

CONDUITS Pipelines carrying water from catchment to RWH system

FIRST-FLUSHING Valve ensuring that runoff from the first spell of rain is flushed out

FILTER Removes suspended pollutants from rainwater collected on roof. Charcoal and sand filters most commonly used

QUALITY CHECK

- Catchment areas like rooftops must be kept clean, especially during monsoon
- Roof outlet should be covered by a mesh to check debris
- Filter materials must be replaced or washed before monsoon
- All polluted water should be removed from recharge structures

Source: rainwaterharvesting.org

The readings taken by the Centre for Science and Environment (CSE) in November 2010 showed groundwater levels had risen by 14.4 feet since 2006, while a recent study by Force found that close to 7 crore litres of water had been added to groundwater tables in Defence Colony through these pits.

Residents of Nizamuddin East also adopted a similar model in 2004. Built at a cost of close to Rs 2 lakh, the 11-pit project was fully funded by the residents themselves. Five pits were later added by the corporation and close to 40% of the surface area in the colony is now being utilised to collect rainwater.

"We ourselves clean the pits regularly; the maintenance is also funded by us. The response to this project has been great. Low-lying areas that earlier faced waterlogging have now become ideal spots for the system," said Vandana Menon, member of the rainwater harvesting committee.

Another area battling water scarcity in south Delhi is New Friend's Colony. Here, a local club built a system in 2004 for Rs 40,000, which has harvested close to 10 lakh litres of water. "If one recharge pit can harvest so much water, residents in other colonies and areas can also give it a try," said A K Jha, administrative officer of the club.

According to Ashutosh Dixit, CEO of URJA, an NGO, more residential colonies should take up such projects. "We recently helped revive many recharge pits in Defence Colony. Ideally, a pit should be cleaned every year before the monsoon as leaves and debris may clog it. The participation of residents is crucial to maintain these pits," Dixit said.

News item/letter/article/editorial published on 16/7/16 in the

Hindustan Times
Statesman
The Times of India (N.D.)
Indian Express
Tribune
Hindustan (Hindi)
Nav Bharat Times (Hindi)
Punjab Keshari (Hindi)
The Hindu
Rajasthan Patrika (Hindi)
Deccan Chronicle
Deccan Herald
M.P.Chronicle
A a j (Hindi)
Indian Nation
Nai Duniya (Hindi)
The Times of India (A)
Blitz

and documented at Bhagirath(English)& Publicity Section. CWC.

प्रशासन ने सुध नहीं ली

बांध का गला घुटा, मकान डूबने लगे, बांध सूखा

प्रेम रत्नाकर बांध में नहीं पहुंच रहा पानी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क

rajasthanpatrika.com

अलवर शहर के निकट कटीघाटी से नीचे प्रेम रत्नाकर बांध का गला घुटता जा रहा है। नाले व बहाव क्षेत्रों में अवैध निर्माण होने से बांध तक पानी पहुंच ही नहीं रहा है। जिसके कारण आसपास के मकानों में पानी भरने लगा है। इन्द्रदेव की मेहरबानी बनी रही और प्रशासन ने सुध नहीं ली तो यहां बसे लोगों पर आफत आना तय है। प्रेम रत्नाकर बांध के बहाव क्षेत्र में मकान बनने और भराव क्षेत्र में दीवार लगाए जाने के कारण पानी बांध में पहुंचने की बजाय बीच में रुक रहा है। जिसके कारण थोड़ी सी बारिश होते ही कटी घाटी के निकट धौला कुआं क्षेत्र में पानी घरों के अन्दर तक भर जाता है। खाली भूखण्ड तो लबालब हो जाते हैं। नालों के जरिए बांध में जाना वाला एक तरफ का पूरा पानी यहां एकत्रित हो रहा है। जिसकी सबसे प्रमुख वजह नाले पर अतिक्रमण है। यहां पर करीब 15 फीट चौड़े नाले पर अतिक्रमण है। जिसके कारण पानी आगे बिल्कुल नहीं जा रहा है। इस पानी के रास्ते में कई मैरिज होम बाधक बन गए है। आए दिन नए निर्माण हो रहे है। न सिंचाई विभाग को इसकी परवाह न यूआई व जिला प्रशासन को। जिसका खमियजा वहां रह रहे लोगों को भुगतना पड़ रहा है। जबकि इसकी कई बार जिला कलक्टर तक शिकायत की जा चुकी है।

अवैध रूप से कॉलानी बस गई

प्रेम रत्नाकर बांध बहाव क्षेत्र में अवैध रूप से कॉलोनियां बस गई। बड़ी संख्या में मकान बन गए। करीब दो साल पहले यूआईटी ने अवैध कॉलोनी के कार्य को रुकवाया भी था। वहां बने मकानों के मालिकों को नोटिस तक भेजे। इसके आगे कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके कारण बांध भराव क्षेत्र में और काफी संख्या में मकान बन गए। जो पानी के बहाव में बाधा बन रहे हैं। खतरा रह रहे लोगों को जानकार लोगों का मानना है कि बांध में पहाड़ों के अलावा आसपास के क्षेत्र का बारिश का पानी आता है।

पत्रिका-16-7-16

News item/letter/article/editorial published on 16/7/16 in the

Hindustan Times
Statesman
The Times of India (N.D.)
Indian Express
Tribune
Hindustan (Hindi)
Nav Bharat Times (Hindi)
Punjab Keshari (Hindi)
The Hindu
Rajasthan Patrika (Hindi)
Deccan Chronicle
Deccan Herald
M.P.Chronicle
A a j (Hindi)
Indian Nation
Nai Duniya (Hindi)
The Times of India (A)
Blitz

and documented at Bhagirath(English)& Publicity Section. CWC.

घर-घर गंगाजल पहुंचाने की तैयारी में मोदी सरकार

पत्रिका-16-7-16

समीर चौगांवकर
patrika.com

नई दिल्ली . गंगा के सफाई के लिए हजारों करोड रुपए खर्च कर रही मोदी सरकार ने अब गंगा साफ होने से पहले ही गंगा के पानी को घर घर पहुंचाने का मन बनाया है। सरकार इस गंगाजल को पूरे देश में बेचेगी और नमामि गंगे के लिए खर्च हो रहे हजारों करोड़ रुपए की कुछ हद तक वसूली इस गंगाजल को बेचकर करेगी। केन्द्र सरकार ने इस योजना का नाम हर घर गंगाजल रखा है। इस योजना के प्राथमिक चरण में सरकार देशभर मे फैले डाकघरों के विशाल नेटवर्क को इस्तेमाल कर देश के कोने कोने में बसे गंगा के आस्थावान लोगों के घर पर गंगाजल पहुंचाएगी। प्रारंभिक चरण में गंगोत्री और ऋषिकेश के गंगाजल को बेचा जा रहा है और इसके बाद बिहार और पटना के गंगाजल के साफ होने पर इन जगहों से गंगाजल को बोतलबंद कर बेचा जाएंगा। फिलहाल अभी 200 मि.ली. और 500 मि.ली. के दो साइजों में गंगाजल उपलब्ध कराया जा रहा है। गंगोत्री के गंगाजल की 200 मि.ली. बोतल की कीमत 15 रुपये और 500 मि.ली.बोतल की कीमत 22 रुपये निर्धारित की गई है। सरकार बिक्री में बढोतरी होने पर गंगाजल की कीमतों में वृध्दि कर सकती है। विपक्षी दल मोदी सरकार के इस योजना पर निशाना साध रहे है और पवित्र गंगाजल का व्यवसायीकरण करने का आरोप मोदी सरकार पर लगा रहे है।

पंतजलि-खादी भंडार भी बेच सकते है गंगाजल

सूत्र बताते हैं कि कि मोदी सरकार डाकघर के साथ साथ आने वाले समय में गंगाजल की मांग को देखते हुए देशभर के खादी ग्रामोद्योग भंडार का इस्तेमाल भी कर सकती है। खादी भंडार पर भी गंगाजल उपलब्ध कराया जा सकता है। बाबा रामदेव की पंतजलि भी केन्द्र सरकार की इसमें सहयोगी बन सकती है। हालांकि केन्द्र सरकार की अभी पंतजलि से इस संबंध में कोई चर्चा नहीं हुई है। आने वाले दिनों मे मोदी सरकार रेलवे के नेटवर्क का इस्तेमाल कर देशभर के रेल्वे स्टेशनों पर भी गंगाजल उपलब्ध करा सकती है।

नमामि गंगे के लिए 20 हजार करोड़

केन्द्र सरकार ने 13 मई 2015 को नमामि गंगे नाम से फ्लैगशिप कार्य म की शुरुआत की थी। इसके अंतर्गत गंगा को स्वच्छ करने के लिए अगले पांच सालों के लिए 20 हजार करोड़ का बजट रखा गया है। यह रकम सरकार के विगत 30 वर्षों के व्यय की तुलना में चौगुनी है। भारत सरकार ने 1985 से कुल मिलाकर 4 हजार करोड़ रुपए इस कार्य की मद में खर्च किए है।

News item/letter/article/editorial published on 16/7/16 in the

Hindustan Times
Statesman
The Times of India (N.D.)
Indian Express
Tribune
Hindustan (Hindi) ✓
Nav Bharat Times (Hindi)
Punjab Keshari (Hindi)
The Hindu
Rajasthan Patrika (Hindi)
Deccan Chronicle
Deccan Herald
M.P.Chronicle
A a j (Hindi)
Indian Nation
Nai Duniya (Hindi)
The Times of India (A)
Blitz

and documented at Bhagirath(English)& Publicity Section. CWC.

महोबा, बांदा, झांसी में आठ घंटे की बारिश से जनजीवन परेशान

बुंदेलखंड में बाढ़ जैसे हालात

आफत

कानपुर | हिन्दुस्तान टीम

बुंदेलखंड में बाढ़ के हालात बन गए हैं। लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से आम जनजीवन प्रभावित हुआ। सभी नदियां उफान पर हैं। इसके पहले 2011 में रिकार्ड तोड़ करीब 900 मिलीमीटर बारिश हुई थी।

शुक्रवार को सबसे ज्यादा महोबा में 75 मिलीमीटर, जबकि सबसे कम ललितपुर में 8 मिलीमीटर बारिश हुई। बुंदेलखंड के सभी जिलों में खेतों में पानी भरने से किसान परेशान हैं। तिलहन-दलहन की फसल डूब गई है।

बुंदेलखंड में बेतवा, यमुना, मंदाकिनी, चंद्रावली, विरमा, सुखनाई नदियों में पानी तेजी से बढ़ रहा है। ललितपुर में सौन, जामनी, शहजाद, धसान बरसाती नदियां भी उफान पर हैं। सभी जिलों को सतर्क कर दिया गया है। चित्रकूट में मंदाकिनी खतरे के निशान से डेढ़ मीटर ऊपर बह रही हैं।

झांसी, उरई, चित्रकूट, हमीरपुर में सड़कों पर पानी भरने से यातायात बाधित रहा। महोबा में जिला अस्पताल के वार्ड तक बारिश का पानी घुस गया। उरई के ग्रामीण इलाकों के कई गांव में पानी भरने से हाहाकार मचा है। बांदा में डीआईओएस दफ्तर में पानी घुसा। कई मोहल्ले पानी भरने से टापू बन गए। बारिश के दौरान कई जिलों में बिजली व्यवस्था चरमरा गई। संचार व्यवस्था भी ठप पड़ गई।



इलाहाबाद में शुक्रवार को लोगों के घरों में घुसा गंगा का पानी। • एएफपी

पिथौरागढ़ में पुल बहा, एनएच तीन घंटे बंद : कुमाऊं के कई पहाड़ी इलाकों में गुरुवार रात से बारिश से सिलसिला शुरू हो गया। भारी बारिश से शुक्रवार को मुनस्यारी क्षेत्र में गोरी नदी पर बना लकड़ी का पुल बह गया।

पूरे उत्तराखंड में आज बारिश : मौसम विभाग ने शनिवार को पूरे उत्तराखंड में बारिश होने का अनुमान जताया है। विभाग का कहना है कि जिन स्थानों पर दबाव का क्षेत्र बनेगा, वहां पर अधिक बारिश हो सकती है। वहीं राजधानी देहरादून में शनिवार दोपहर को मूसलाधार बारिश होने की संभावना है। शुक्रवार को राज्य के अधिकांश जिलों में बारिश हुई।

News item/letter/article/editorial published on 17/7/16 in the

Hindustan Times
Statesman
The Times of India (N.D.)
Indian Express
Tribune
Hindustan (Hindi)
Nav Bharat Times (Hindi)
Punjab Keshari (Hindi)
The Hindu
Rajasthan Patrika (Hindi)
Deccan Chronicle
Deccan Herald
M.P.Chronicle
A a j (Hindi)
Indian Nation
Nai Duniya (Hindi)
The Times of India (A)
Blitz

and documented at Bhagirath(English)& Publicity Section, CWC.

। संडे नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । 17 जुलाई 2016

हथनीकुंड में यमुना नदी उफान पर

■ एनबीटी न्यूज, यमुनानगर : लगातार हो रही बारिश के चलते यमुना नदी के हथनीकुंड बैराज में जलबहाव खतरे के निशान से ऊपर चला गया है। नदी के कैचमेंट एरिया में लगातार हो रही बारिश से यमुना उफान पर है। शनिवार शाम को हथनीकुंड बैराज से यमुना में दिल्ली की तरफ जाने वाले पानी की रफ्तार 87 हजार 555 क्यूसेक पानी प्रति सेकंड के हिसाब से नापी गई। यह पानी 72 घंटों के भीतर दिल्ली के निचले इलाकों के लिए मुसीबतें खड़ी कर सकता है।

आज भी आंधी के साथ बारिश!

■ **वस, नई दिल्ली** : राजधानी दिल्ली में कई इलाकों में जमकर बारिश हुई। सफदरजंग में शनिवार सुबह 43.4 मिमी दर्ज हुई। वहीं सुबह 8:30 से शाम 5:30 बजे तक 12 मिमी बारिश हुई। मौसम विभाग ने कहा कि संडे को बादल छाए रह सकते हैं। बारिश के साथ आंधी भी हो सकती है। मैक्सिमम टेंपरेचर 29 डिग्री और मिनिमम टेंपरेचर 24 डिग्री रहने का अनुमान है। दिल्ली में शनिवार को सुबह कई जगहों पर जमकर बादल बरसे, जिससे बीते दिनों की तुलना में अधिकतम तापमान नॉर्मल से छह डिग्री कम के साथ 29.1 डिग्री दर्ज हुआ। मिनिमम टेंपरेचर भी नॉर्मल से तीन डिग्री कम के साथ 24.6 डिग्री दर्ज हुआ।

The Times of India (N.D.)
Indian Express
Tribune
Hindustan (Hindi)
The Hindu
Rajasthan Patrika (Hindi)
Deccan Chronicle
Deccan Herald
Indian Nation
Nai Duniya (Hindi)
The Times of India (A)
Blitz
and documented at Bhagirath(English)& Publicity Section, CWC.

पिछले 24 घंटे से लगातार हो रही भारी बारिश से कई मार्ग बंद, केदारनाथ राजमार्ग पर पांचवें दिन भी आवागमन नहीं

भारी बरसात से पांच पुल बहे, तीर्थ यात्री फंसे

पिथौरागढ़ | हिन्दुस्तान टीम

पिथौरागढ़ जनपद में 24 घंटे से लगातार हो रही भारी बारिश से धारचूला के कुटी क्षेत्र में पांच वैली पुल बह गए। इससे आदि कैलाश यात्रा पर गए 28 सदस्यीय यात्री दल की दिक्कतें बढ़ गई हैं।

बारिश से सीमांत धारचूला के कुटी, निकूच, हेलांग, नम्फा, सैला पर बने वैली पुल बह गए हैं। इन पुलों के बहने से आदि कैलास यात्रियों के 28 सदस्यीय यात्री दल की दिक्कतें बढ़ गई हैं। इस दल में शामिल 19 पुरुष और 9 महिला सदस्यों को स्थानीय लोगों की मदद से रस्सों से नालों को पार कराया जा रहा है।

पुल बह जाने से स्थानीय लोगों के साथ ही आईटीबीपी के जवानों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भारी बारिश के बाद कैलास मानसरोवर यात्रा मार्ग में खेत व सोबला के समीप फिर भारी मलबा आया है, जिससे 9वें यात्री दल के लोगों को यात्रा के बेस कैंप धारचूला से पहले पड़ाव सिर्खा जाने के लिए पांगला से खड़ी पांच किमी की चढ़ाई चढ़नी पड़ी।



टिहरी के घनसाली में फलेंडा के पास मोटरमार्ग को खोलती जेसीबी। ● हिन्दुस्तान

गंगोत्री में जलस्तर बढ़ने भागीरथी शिला तक पहुंचा पानी। ● हिन्दुस्तान

केदारनाथ हाईवे पर पांचवें दिन भी नहीं हुई आवाजाही

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ हाईवे पर पांचवें दिन भी वाहनों की आवाजाही रुकी रही। सोनप्रयाग से गौरीकुंड के बीच एनएच हाईवे से मलबा नहीं हटा सका। लगातार हो रही बारिश के कारण एनएच और मैकाफेरी कंपनी मार्ग खोलने का काम नहीं कर सकी। पांच दिन से केदारनाथ हाईवे पर सोनप्रयाग से आगे वाहनों की आवाजाही रुकी है। यात्री लगातार पैदल चलने को मजबूर है। शनिवार को सुबह से क्षेत्र में बारिश हो रही है, जिस कारण एनएच कई बार मौके से वापस लौटा है।

गंगोत्री-गोमुख ट्रैक पर फंसे 35 यात्री निकाले

उत्तरकाशी। शुक्रवार देर रात से हो रही बारिश के कारण गंगोत्री-गोमुख ट्रैक दो स्थानों पर बंद हो गया है। इस कारण वहां पर 60 से 70 ट्रैकर और कांवड़िये फंसे बताए जा रहे हैं। दोपहर बाद तक करीब 35 ट्रैकर और कांवड़िये सुरक्षित निकाल लिए गए हैं जबकि दूसरों को निकालने का काम देर शाम तक जारी है। देवगाड़ और चीड़बासा में पुलिया बहने के कारण आवाजाही बंद हो गई हैं। पुलिस सहित गंगोत्री नेशनल पार्क और एनडीआरएफ की टीम लगातार रेसक्यू कर रही है।

उत्तराखंड में मूसलाधार बारिश से छह की मौत

दो दिन से हो रही मूसलाधार बारिश ने उत्तराखंड में छह लोगों की जान ले ली और पांच लोग घायल हो गए। बारिश से 182 सड़कों पर यातायात बंद हो गया। शनिवार को बड़कोट में एक छानी पर पेड़ गिरने से प्रेम सिंह राणा और जयपाल सिंह की मौत हो गई जबकि आकाश राणा घायल हो गया। उधर, हल्द्वानी में नाले में एक बस के बहने से महिला की मौत हो गई और एक यात्री घायल हो गया। श्रीकोट खंडाह गांव के पास कार के खाई में गिरने से तीन की मौत व तीन घायल हो गए।

औरंगाबाद में भारी बारिश में एक बच्चे की मौत

औरंगाबाद। बिहार के औरंगाबाद जिले में शुक्रवार देर रात को हुई बारिश में एक बच्चे की मौत हो गई। अदरी नदी के बीचों बीच नवनिर्मित पुल जिसे पैदल पथ के रूप में इस्तेमाल किया जाना था वह बह गया।

कोसी तटबंध के अंदर के गांव जलमग्न

सुपौल। नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में हुई बारिश के बाद कोसी नदी के जलस्तर में वृद्धि हो रही है। इसके कारण तटबंध के अंदर के गांव जलमग्न हो गए हैं। नदी में पानी बढ़ने के कारण सरायगढ़, किशनपुर, मरौना, सुपौल के कई गांवों में पानी फैल जाने से लोग परेशान हैं।

यूपी में कहीं भारी तो कहीं बहुत बारिश के आसार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में दक्षिणी पश्चिमी मानसून सक्रिय है। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि रविवार को पूर्वी उ.प्र. में भारी और पश्चिमी यूपी में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है।

News item/letter/article/editorial published on 8/7/16 in the

Hindustan Times
Statesman
The Times of India (N.D.)
Indian Express
Tribune
Hindustan (Hindi) ✓
Nav Bharat Times (Hindi)
Punjab Keshari (Hindi)
The Hindu
Rajasthan Patrika (Hindi)
Deccan Chronicle
Deccan Herald
M.P.Chronicle
A a j (Hindi)
Indian Nation
Nai Duniya (Hindi)
The Times of India (A)
Blitz

and documented at Bhagirath(English)& Publicity Section, CWC.

गंगा के अध्ययन पर रिपोर्ट जल्द

नई दिल्ली। गंगा नदी के औषधीय गुणों और इससे जुड़े विभिन्न कारकों का पता लागने के लिए अध्ययन लगभग पूरा हो चुका है। इसकी रिपोर्ट जल्द आने की उम्मीद है। यह अध्ययन राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग शोध संस्थान (निरी) कर रहा है।

जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्री उमा भारती ने रविवार को बताया कि गंगा नदी में औषधीय गुण हैं। इसकी वजह से इसे ब्रह्म द्रव्य कहा जाता है, जो इसे दूसरी नदियों से अलग करता है। यह कोई पौराणिक मान्यता का विषय नहीं है, बल्कि इसका वैज्ञानिक आधार है। उन्होंने कहा कि तीन मौसम के अध्ययन की जरूरत थी। इस बारिश के बाद निरी अपनी रिपोर्ट पेश कर देगा।

श के कारण हरिद्वार- दिल्ली राजमार्ग कई घंटे बंद रहा, गंगा खतरे के निशान के करीब पहुंची

गंगोत्री हाईवे पर मलबे में दबकर चार की मौत

आफत की बारिश

हरिद्वार/ गढ़वाल | हिन्दुस्तान टीम

उत्तराखंड में रविवार को बारिश ने कहर बरपाया। नरेंद्रनगर के पास कुमारखेड़ा में गंगोत्री हाईवे का लगभग दो सौ मीटर हिस्सा भूस्खलन की चपेट में आ गया। यहां मलबे में कार दबने से चार लोगों की मौत हो गई। वहीं खतरे के निशान के नजदीक पहुंची गंगा पूरे उफान पर रही। हरिद्वार शहर जलमग्न हो गया।

हरिद्वार में रेलवे ट्रैक पांच घंटे तक बाधित रहा। हरिद्वार-दिल्ली हाईवे भी कई घंटे बंद रहा। गंगोत्री हाईवे गंगनानी के पास और बदरीनाथ हाईवे सिरोबगड़ और लामबगड़ में बंद हो गया। वहीं केदारनाथ हाईवे सोनप्रयाग से आगे बंद रहा। गंगोत्री हाईवे पर रविवार दोपहर नरेंद्रनगर के पास अचानक पहाड़ी से भूस्खलन हो गया।

मलबे के साथ बड़े-बड़े बोल्डर हाईवे पर आ गए। इस दौरान ऋषिकेश की ओर जा रही कार मलबे में दब गई। सूचना पर प्रशासन, सेना और बीआरओ की टीम ने मौके पर पहुंचकर राहत-बचाव कार्य शुरू किया। देर शाम तक कार से चार लोगों के शव निकाल लिए गए। इनमें ऋषिकेश के आशुतोष नगर निवासी अधिवक्ता विरेश श्रीकोटी (32), उमेश रावत, मुकेश गुसाईं शामिल हैं। गंगोत्री हाईवे पर आवाजाही ठप हो गई। मलबे में अन्य वाहनों के दबे होने की भी आशंका जताई जा रही है। लगातार बारिश से राहत और बचाव कार्य में दिक्कत में आ रही है। सड़क के दोनों वाहनों की लंबी कतार लगी हुई है।

हल्द्वानी-अल्मोड़ा हाईवे बंद : कुमाऊं में चार दिन से बारिश के सिलसिले से नदियां खतरे के निशान के आसपास पहुंच गई हैं। पहाड़ी क्षेत्रों में मलबा आने से 88 सड़कें बंद होने से आवागमन पर असर पड़ा है। कुमाऊं की की लाइफ लाइन कहा जाने वाला हल्द्वानी-अल्मोड़ा हाईवे बंद है।

हरिद्वार में रविवार को रेलवे ट्रैक पर मनसा देवी मंदिर की पहाड़ी से आए मलबे को हटाता बुल्डोजर। • हिन्दुस्तान

200 मीटर नरेंद्रनगर में हाईवे का हिस्सा भूस्खलन की चपेट में

32 करोड़ की लागत के बना पुल बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया

बारिश के चलते बदरीनाथ और केदारनाथ हाईवे बाधित

रुद्रप्रयाग। लगातार हो रही बारिश के कारण जनपद में जन-जीवन प्रभावित हो गया है। केदारनाथ और बद्रीनाथ हाईवे पर कई स्थानों पर मलबा आने से आवाजाही बंद रही। बद्रीनाथ हाईवे पर शाम तक आवाजाही शुरू हो गई, लेकिन केदारनाथ हाईवे कई स्थानों पर बंद है। बारिश से कई ग्रामीण क्षेत्रों में खेत, रास्ते, मकान के पुश्ते ढ़हने की खबरें भी आई है। अलकनंदा और मंदाकिनी का जल स्तर लगातार बढ़ रहा है।

बरसात में चारधाम यात्रा की एडवायजरी

बरसात में चारधाम यात्रा रूट जगह-जगह बंद हो रहे हैं। पहाड़ियों से मलबा गिरने से हादसों की आशंका बनी है। इस स्थिति में यात्रा रूट पर चलने से पहले इस एडवायजरी पर ध्यान देना जरूरी है

1. यात्रा पर घर से चलने से पहले मौसम के पूर्वानुमान की जानकारी लेना जरूरी है।
2. यात्रा रूट पर सुरक्षित स्थानों पर ठहरें।
3. बारिश के समय गाड़ी चलाते समय अतिरिक्त सतर्कता बरतें।
4. चलने से पहले अपने रूट की सड़कों की स्थिति जरूर जान लीजिए। रास्ता बंद होने की सूचना पर सफर नहीं करें।
5. यात्रा रूट का पूरा मैप और महत्वपूर्ण फोन नंबरों की सूची आपके पास होनी चाहिए।
6. यात्रा के समय बहुत जरूरी सामान लेकर ही चलें।
7. पैदल मार्गों पर यात्रा करते समय किसी तरह का जोखिम नहीं उठाएं। पैदल रास्तों पर पहाड़ी से पत्थर गिरने की स्थिति में सुरक्षित स्थान पर जाएं।
8. रास्ते में पहाड़ी से भूस्खलन का मलबा पड़ा है तो उसको गाड़ी या पैदल पार करने का जोखिम नहीं उठाएं।
9. भूस्खलन होने के दौरान रास्ता पार नहीं करें और इस स्थान से दूर हो जाएं।
10. पहाड़ी रूटों पर जगह-जगह रपटें और गदेरे हैं, इनको सतर्कता से पार किया जाए।
11. नदियों और नालों के बहुत नजदीक नहीं जाएं।
12. जरूरत पड़ने पर रास्तों पर तैनात पुलिस और एसडीआरएफ की मदद लीजिए।

दिल्ली-हावड़ा ट्रैक सात घंटे बाधित

टूंडला। बरसात के कारण दिल्ली-हावड़ा रेलट्रैक सात घंटे बाधित रहा। टूंडला यार्ड के सभी सिग्नल फेल हो गए। इससे दिल्ली-हावड़ा रेलट्रैक से होकर गुजरने वाली सभी ट्रेन पिछले स्टेशनों एवं आउटर पर खड़ी रहीं। जहां ट्रेनों को कॉशन लगाकर संचालित किया। सुबह सात बजे सिग्नल सही किए जा सके।

दो दर्जन से अधिक ट्रेनें रहीं प्रभावित

टूंडला। बारिश के कारण दिल्ली-हावड़ा ट्रैक पर कालका मेल, महानंदा, मुरी, जोगबनी, जोधपुर-हावड़ा, राजेन्द्रनगर-नईदिल्ली राजधानी, हावड़ा राजधानी, भुवनेश्वर राजधानी, लखनऊ शताब्दी, कानपुर शताब्दी आदि ट्रेनें सात घंटे प्रभावित रहीं।

धंसा रेल ट्रैक, दादर एक्सप्रेस बची

आगरा। शनिवार रात से लगातार बारिश ने रेल यातायात को बुरी तरह से प्रभावित कर दिया। कैंट स्टेशन से 15 किलोमीटर दूरी पर दिल्ली-मुम्बई ट्रैक धंस गया। यहीं से कुछ देर पहले निकलीं दादर एक्सप्रेस और पातालकोट एक्सप्रेस बाल-बाल बच गई।



हरिद्वार के हिलबाइपास पर करीब चार माह पहले बना पुल क्षतिग्रस्त हो गया।

News item/letter/article/editorial published on 18/7/16 in the

Hindustan Times
Statesman
The Times of India (N.D.)
Indian Express
Tribune
Hindustan (Hindi)
Nav Bharat Times (Hindi)
Punjab Keshari (Hindi)
The Hindu
Rajasthan Patrika (Hindi)
Deccan Chronicle
Deccan Herald
M.P.Chronicle
A a j (Hindi)
Indian Nation
Nai Duniya (Hindi)
The Times of India (A)
Blitz

and documented at Bhagirath(English)& Publicity Section, CWC.

लगातार बारिश से कई क्षेत्रों में फसलें खराब

18-7-16

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क

patrika.com

सेंधवा. ब्लॉक क्षेत्र में फसलों की बोवनी हो चुकी है। लक्ष्य के अनुसार बोवनी का कार्य पूरा हो चुका है। अब खेतों में पौधों का अंकुरण भी होने लगा है। अधिकतर स्थानों पर खेतों में हरियाली छाने लगी है। अब किसान पौधों एवं फसलों को स्वस्थ बनाने की कवायद कर रहे हैं। वहीं पिछले दिनों हुई तेज बारिश से नदी एवं नालों में पानी उफान पर आ गया था। इससे कुछ क्षेत्रों में खेत जलजमग्न हो गए थे और फसलें खराब हो गईं थी। अब इन स्थानों पर दोबारा बोवनी करनी होगी। कृषि विभाग की ओर से फसलों की सुरक्षा पर जोर दिया जा रहा है। किसानों को जरूरी सलाह के साथ-साथ कीटनाशक भी मंगाई गई हैं।

इस वर्ष मानसून का बेहतर आसार है। भरपूर बारिश के बाद खेतों में कृषि कार्य ने रफ्तार पकड़ ली है। इस वर्ष तय लक्ष्य 56 हजार हेक्टेयर भूभाग में कृषि कार्य किया गया है।

News item/letter/article/editorial published on 18/7/16 in the

Hindustan Times
Statesman
The Times of India (N.D.)
Indian Express
Tribune
Hindustan (Hindi)
Nav Bharat Times (Hindi)
Punjab Keshari (Hindi)
The Hindu
Rajasthan Patrika (Hindi)
Deccan Chronicle
Deccan Herald
M.P.Chronicle
A a j (Hindi)
Indian Nation
Nai Duniya (Hindi)
The Times of India (A)
Blitz

and documented at Bhagirath(English)& Publicity Section, CWC.

[redacted]

उपेक्षा के शिकार

जो बचाते हैं लोगों की जान, बाढ़ राहत में उनकी अनदेखी

राजघाट के नाविकों की समस्या, दूसरे लोगों की नावें की अटैच

18-7-16

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

बड़वानी. राजघाट में जो नाविक पूरे साल डूबने से लोगों की जान बचाते हैं, उन्हीं की नावों को बाढ़ राहत में अटैच नहीं किया गया। जब नाविकों को मालूम पड़ा कि उनकी नावें नहीं लगाई गई तो वे हैरान रह गए। इन्होंने बताया कि पूरे साल हम बिना किसी स्वार्थ के डूबते लोगों को बचाते हैं।

जब हमें काम देने की बात आती है तो प्रशासन की ओर से कोई सुविधा नहीं मिलती है। बाढ़ राहत में यहां के नाविकों की नावें अटैच न करते हुए, अन्य स्थानों के लोगों की नावें लगा ली हैं। राजघाट के आनंद ढीवर, सुनील वर्मा, अनिल वर्मा, गजानंद केवट ने बताया कि हमनें टेंडर डाले, लेकिन हमारे नावें नहीं अटैच की गई। गजानंद केवट ने बताया कि एनवीडीए के अधिकारी जोबट नाव ले जाने का बोल रहे हैं। जब राजघाट में ही हम नावें लगाने को तैयार हैं तो हमें दूसरी जगहों पर क्यों भेजा जा रहा है।

रोष...बड़वानी। उपेक्षा के शिकार नाविक नाराजगी जताते हुए।

उपेक्षित महसूस कर रहे हैं नाविक

राजघाट में रहने वाले नाविक उनकी नावें अटैच नहीं होने से खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। इनका कहना है कि जब प्रशासन को जरुरत होती है तो हम अपनी जान पर खेलकर मदद करते हैं। प्रशासन का काम निकल जाने के बाद हमारी कोई सुनने को तैयार नहीं रहता है। हम हमारी मेहनत से काम करके कमाना चाहते हैं तो उसमें भी हमारे साथ भेदभाव हो रहा है। इनका कहना है कि बाढ़ के दौरान हम हमेशा सक्रिय रहकर काम करते हैं। जिम्मेदार हमारी ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

और नावें अटैच करेंगे

वहां रहने वाले एक व्यक्ति की नाव लगाई है। अभी तीन नावें अटैच की है। आगे जरुरत पढ़ेगी तो वहां के निवासियों की और नावें भी हम अटैच करेंगे।

शिवचरण सविता, एसडीओ एनवीडीए बड़वानी

दो दिन पहले ही बचाई थी दो की जान

इन्होंने बताया कि दो दिन पूर्व ही हमनें दो डूबते लोगों की जान बचाई है। राजघाट में लगी बड़ी नाव लगी है, लेकिन वो खुली ही नहीं। ऐसे में हम छोटी नाव लेकर डूबते लोगों को बचाने पहुंचे। उन दोनों डूबते लोगों को हमने सकुशल बाहर निकाला। यहां लोगों की जान की सुरक्षा के लिए हम कभी समय नहीं देखते हैं। उसके बाद भी एनवीडीए के अधिकारी हमें काम नहीं दे रहे।

News item/letter/article/editorial published on 18/7/16 in the

Hindustan Times	Nav Bharat Times (Hindi)	M.P.Chronicle
Statesman	Punjab Keshari (Hindi)	A a j (Hindi)
The Times of India (N.D.)	The Hindu	Indian Nation
Indian Express	Rajasthan Patrika (Hindi)	Nai Duniya (Hindi)
Tribune	Deccan Chronicle	The Times of India (A)
Hindustan (Hindi)	Deccan Herald	Blitz

and documented at Bhagirath(English)& Publicity Section, CWC.

लापरवाही...

पत्रिका - 18-7-16

मानसून मेहरबान, आपदा प्रबंधन की तैयारी नहीं

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

-मानसून के दौरान हर विभाग को करनी होती है आपदा प्रबंधन की तैयारी

अलवर. पिछले कई दिनों पूर्वी राजस्थान में मानसून के मेहरबान होने एवं भारी वर्षा से धौलपुर में बाढ़ के हालात एवं भरतपुर में बांध व नदियां लबालब होने से वहां भी ऐसे ही हालात बनने लगे है, ऐसे में हमारे अपने जिले अलवर में आपदा प्रबंधन के नाम पर सिर्फ कागजी आदेश ही दिखाई पड़ते है। हालांकि मानसून के दौरान सिंचाई सहित सभी प्रमुख विभागों को आपदा प्रबंधन के समय रहते इंतजाम करने होते है, लेकिन जिले में हालात यह है कि यहां बाढ़ से बचाव के लिए सिंचाई विभाग एवं मत्स्य विभाग के पास एक नाव तक उपलब्ध नहीं है। अलवर शहर में अब तक 368 मिमी बारिश दर्ज हो चुकी है जबकि जिले में ज्यादातर स्थानों पर यह आंकड़ा 250 मिमी को पार कर चुका है। हालात यह है कि कभी रूपारेल पर तो कभी भर्तृहरि पुलिया पर पानी बहने लगता है। सिलीसेढ़, जयसमंद, देवती सहित अन्य बांधों में पानी की आवक भी हो रही है। इसके बावजूद जिले में बाढ़ से बचाव एवं आपदा प्रबंधन के नाम पर मात्र सिंचाई विभाग का एकमात्र कंट्रोल रूम है। यह भी प्रतिदिन के बारिश व बांधों में पानी की आवक के आंकड़े मुहैया कराने तक सीमित है।

जिले में बाढ़ से बचाव को एक नाव भी नहीं

जिले में भारी बारिश होने की स्थिति में यहां बाढ़ से बचाव के लिए एक नाव तक का इंतजाम नहीं है। न तो सिंचाई विभाग और न ही मत्स्य विभाग के पास नाव की व्यवस्था है और गोताखोर भी ठेके के हैं। प्रशासन का दावा है कि जरूरत पड़ने पर ठेकेदार के माध्यम से नाव व गोताखोर की व्यवस्था करा ली जाएगी। इसके अलावा सिंचाई विभाग बांध आदि टूटने की स्थिति से निबटने के लिए मिट्टी से भरे 4 हजार कट्टे सहित 10 हजार खाली कट्टे बांधों पर रखवाने का दावा करता है। यह बात अलग है कि प्रशासन आपदा प्रबंधन की तैयारियों मानसून से करीब चार महीने पहले से शुरू कर देता है। इसके लिए बैठकें कर विभिन्न प्रकार के निर्देश जारी किए जाते है।

बांधों की निगरानी का टोटा

सिंचाई विभाग के अधिकारी बाढ़ से निपटने की बात तो कहते है, लेकिन हकीकत यह है कि विभाग के पास अपने बांधों की निगरानी के लिए भी पर्याप्त कर्मचारी नहीं है। जिले में सिंचाई विभाग के 25 बांध है। इनकी सुरक्षा एवं निगरानी का जिम्मा चंद लोगों के पास है। स्थिति यह है कि विभाग सभी बांधों में पानी के आवक आदि की जानकारी भी नहीं ले पा रहा है। ऐसे में बाढ़ से निपटने की बात बेमानी साबित हो रही है।

अभी अलवर में बाढ़ जैसे हालात नहीं हैं। फिर भी हमने एहतियातन सभी बांधों पर भरे व खाली कट्टे आवश्कतानुसार रखवा दिए हैं। इसके बाद भी यदि जरूरत पड़ेगी, कट्टे आदि पहुंचा दिए जाएंगे।

बीरवल मीरवाल, फ्लड इंचार्ज, सिंचाई विभाग अलवर।

400 कट्टे भराए

चार सौ कट्टे मिट्टी से भराकर नेहरू गार्डन में रखवाए है। दो पानी निकालने के इंजन है। दो दिन से बारिश के बाद शहर में पानी भरने की शिकायतें मिली हैं। जिसके बाद वहां पानी की निकासी कराई है।

तैयब खान, एक्सईएन, यूआईटी, अलवर

News item/letter/article/editorial published on 17/7/16 in the

Hindustan Times
Statesman
The Times of India (N.D.)
Indian Express
Tribune
Hindustan (Hindi)
Nav Bharat Times (Hindi)
Punjab Keshari (Hindi)
The Hindu
Rajasthan Patrika (Hindi)
Deccan Chronicle
Deccan Herald
M.P.Chronicle
A a j (Hindi)
Indian Nation
Nai Duniya (Hindi)
The Times of India (A)
Blitz

and documented at Bhagirath(English)& Publicity Section, CWC.

पत्रिका

बारिश बनी परेशानी

17-7-16

बारदा डैम में दरार, अलर्ट जारी

एसडीएम, विधायक मौके पर पहुंचे, बांध के गेट खोले, गांव भी खाली कराए

सतर्कता... बांध में दरार की सूचना पर मौके पर पहुंचा अमला।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

विजयपुर/श्योपुर. विजयपुर में बेनीपुरा के निकट सिंचाई के लिए बने बारदा डैम में शनिवार की शाम दरार आ गई, जिससे पानी रिसने लगा और बेनीपुरा के निकट एक अदिवासी बस्ती में पानी भर गया। सूचना मिलते ही एसडीएम एनआर गौड़, विधायक रामनिवास रावत और पूर्व विधायक बाबूलाल मेवरा पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के बाद दबाव कम करने के लिए डैम के गेट खोल दिए और पानी नदी में छोड़ना शुरू कर दिया। साथ ही आसपास के गांवों में अलर्ट जारी करते हुए कुछ गांव खाली कराना शुरू कर दिए गए हैं। बारदा डैम से बेनीपुरा सहित 15 गांवों को सिंचाई की सुविधा मिलती है। पिछले 24 घंटे से हो रही बारिश से डैम भर गया, शनिवार शाम डैम की कच्ची पाल में दरार आ गई। शुरूआत में दरार छोटी थी, लेकिन देखते ही देखते बड़ा छेद हो गया, जिससे ज्यादा पानी निकलने लगा और बेनीपुरा की आदिवासी बस्ती नथोलीपुरा सहराने में पानी भर गया। मौके पर पहुंचे अफसरों ने डैम के गेट खुलवाए, ताकि दबाव कम हो। दरार पर दबाव कम हो और बांध फूटे नहीं।

दरारों को दुरुस्त किया जाएगा

डैम की पाल में दरार पड़ गई है,इसके लिए गेट खुलवाकर पानी नदी में छोड़ा जा रहा है और आसपास की बस्तियों को खाली कराकर सुरक्षित स्थान पर भेजने की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही पानी कम होने पर दरारों को भी दुरुस्त करवाया जाएगा।

-एनआर गौड़, एसडीएम, विजयपुर

News item/letter/article/editorial published on 17/7/16 in the

Hindustan Times
Statesman
The Times of India (N.D.)
Indian Express
Tribune
Hindustan (Hindi)
Nav Bharat Times (Hindi)
Punjab Keshari (Hindi)
The Hindu
Rajasthan Patrika (Hindi)
Deccan Chronicle
Deccan Herald
M.P.Chronicle
A a j (Hindi)
Indian Nation
Nai Duniya (Hindi)
The Times of India (A)
Blitz

and documented at Bhagirath(English)& Publicity Section, CWC.

बारां जिले के सारथल क्षेत्र में शुक्रवार को परवन नदी में नाव में बैठकर पार होते ग्रामीण। पत्रिका

खतरे में जान... पत्रिका-17-7-16

उफनती नदी में खस्ताहाल नावें

बना रहता है दुर्घटना का अंदेशा

सारथल. क्षेत्र के कालाडोल गांव में बह रही परवन नदी इन दिनों उफान पर है। इससे हरनावदाशाहजी, छीपाबड़ौद, सारथल सड़क मार्ग का संपर्क अकलेरा-झालावाड़-से कटा हुआ है। ऐसे में कोटा जाने वाले यात्री बारां वाया छीपाबड़ौद आ जा रहे है।

उधर, नदी की पुलिया पर पानी का बहाव होने से नाव संचालकों की चांदी हो रही है। नदी में इन दिनों करीब आठ से दस अवैध रूप से नावों का संचालन हो रहा है। नाव संचालक खस्ताहाल नावों में क्षमता से अधिक लोगों को बैठाकर लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। इसके बाद भी इन्हें रोका-टोका नहीं जा रहा। इससे हर समय खतरे की आशंका बनी रहती है। नाविक नदी पार कराने की एवज में प्रति व्यक्ति 60-70 रुपए तक किराए के रूप में वसूल कर रहे हैं। हालांकि परवन नदी की पुलिया पर अवैध नावों का संचालन रोकने के लिए दो होमगार्ड को तैनात किया हुआ है। इसके बाद भी नावों का संचालन बदस्तूर जारी है।

बीच नदी में बढ़ जाता है किराया

नावों से नदी पार करने वाले लोगों का आरोप हैं कि नाविक पहले तो कम किराया राशि बताकर बिठा लेते हैं। इसके बाद जब नाव मझधार में होती है तो मनमाना किराया मांगने लगते हैं। नाव से नदी पार कराने का किराया पानी की आवक के साथ घटता-बढ़ता रहता है जब नदी उफान पर होती है तो किराया भी अधिक होता है।

क्षतिग्रस्त हुई परवन की पुलिया

सारथल-अकलेरा नेशनल हाई-वे मार्ग पर कालाडोल गांव के पास स्थित परवन नदी की पुलिया पानी के बहाव से क्षतिग्रस्त हो गई। बारां-अकलेरा मार्ग पर वाहनों की आवाजाही छठें दिन भी बंद रही। शुक्रवार को पुलिया पर करीब एक फीट पानी का बहाव था। क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन से यहां नई पुलिया बनाने की मांग की हैं।

हर वर्ष संचालन

परवन नदी में पुलिया पर पानी आने के बाद गांवों के रास्ते अवरूद्ध हो जाते हैं। इसके बाद हर वर्ष इन दिनों नावों का संचालन किया जाता है। नावों की हालत खस्ताहाल होने के बावजूद बेफिक्री रहती है।

News item/letter/article/editorial published on 17/7/16 in the

Hindustan Times
Statesman
The Times of India (N.D.)
Indian Express
Tribune
Hindustan (Hindi)
Nav Bharat Times (Hindi)
Punjab Keshari (Hindi)
The Hindu
Rajasthan Patrika (Hindi)
Deccan Chronicle
Deccan Herald
M.P.Chronicle
A a j (Hindi)
Indian Nation
Nai Duniya (Hindi)
The Times of India (A)
Blitz

and documented at Bhagirath(English)& Publicity Section. CWC.

पत्रिका-17-7-16

मातृकुण्डिया बांध का जल स्तर 19 फीट

भराई तालाब की पाल टूटी, पानी माताजी का खेड़ा पहुंचा

रेलमगरा (राजसमंद). उपखण्ड क्षेत्र के सबसे बड़े जल स्त्रोतों में गिने जाने वाले भराई तालाब की गत वर्ष टूटी पाल की मरम्मत नहीं कराने से अब कई समस्याएं सामने आने लगी है। सत्रह फीट भराव क्षमता वाले इस तालाब में हाल ही में हुई बारिश से 13 फीट तक पानी भर गया है, लेकिन इसके बाद भी तालाब में पानी की निरंतर है पर टूटी हुई पाल से पानी निकलना शुरू हो गया है। इसके चलते ग्रामीणों ने तालाब के गेट खोल दिए। ग्रामीणों का कहना है कि तालाब में हो रही पानी की आवक से पानी टूटी हुई पाल से बाहर निकलना शुरू हो गया और समय रहते गेट नहीं खोले जाते तो तालाब की पाल पानी के बहाव से पूरी तरह से टूट सकती थी और इसका पानी रेलमगरा में तबाही मचा सकता है। गेट खोलने के बाद तालाब का पानी मेहन्दूरिया के तालाब में होते हुए माताजी का खेड़ा तालाब में पहुंच रहा है। साथ ही ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि टूटी पाल को दुरस्त कराने के लिए कई बार अधिकारियों को अवगत कराया, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। दूसरी ओर क्षेत्र के सबसे बड़े सांसेरा तालाब में पानी की निरंतर आवक होने से तालाब का जल स्तर 0.8 से बढ़कर 2 फीट हो गया है। तीन दिन पूर्व हुई 14 इंच बारिश के बाद क्षेत्र के केचमेन्ट एरिया से बहकर निकल रहे पानी से मातृकुण्डिया बांध का जल स्तर 19 फीट पहुंच गया है। इस बांध की कुल भराव क्षमता करीब 23 फीट है।



रेलमगरा क्षेत्र में हुई भारी बारिश के बाद मातृकुण्डिया बांध में पहुंची जल राशि तथा एनिकट में रिसाव होने के कारण क्षतिग्रस्त हुए फीडर। रेलमगरा

नदी नालों में बहे मवेशियों से चारों ओर फैल रही दुर्गंध

क्षेत्र में तीन दिन पूर्व हुई भारी बारिश से बिगड़े हालात अब क्षेत्रवासियों के लिए परेशानी का कारण बनते जा रहे हैं। इसके बावजूद खेतों में चौपट हुई फसलों को लेकर चिन्ता के बीच पानी के तेज बहाव की चपेट में आई खेतों की बाड़ को सुधारते हुए एक बार फिर से खेतों को तैयार करने में जुट गए हैं। वहीं, पानी के तेज बहाव के साथ बहे पशुओं के मृत शरीर यत्र-तत्र नदी, नालों, खेतों की पालियों पर पड़े हुए है, जिनसे उठने वाली बदबू से लोगों को खासी दिक्कत हो रही है। साथ ही खेतों, गड्ढों में भरा भी लोगों की परेशानी बढ़ा रहा है। भारी बारिश के कारण क्षेत्र में करीब एक दर्जन जल स्त्रोत की पाल क्षतिग्रस्त हो गई है।

News item/letter/article/editorial published on 17/7/16 in the

Hindustan Times
Statesman
The Times of India (N.D.)
Indian Express
Tribune
Hindustan (Hindi)
Nav Bharat Times (Hindi)
Punjab Keshari (Hindi)
The Hindu
Rajasthan Patrika (Hindi) ✓
Deccan Chronicle
Deccan Herald
M.P.Chronicle
A a j (Hindi)
Indian Nation
Nai Duniya (Hindi)
The Times of India (A)
Blitz

and documented at Bhagirath(English)& Publicity Section, CWC.

राजस्थान में मूसलाधार बारिश

17-7-16

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क

rajasthanpatrika.com

जयपुर. प्रदेश भर में भारी बारिश का दौर शनिवार को बरकरार रहा। करौली में 15 घंटे के दौरान 15 इंच यानि करीब 375 मिमी पानी बरसा। जो 1981 के बाद अब तक रिकॉर्ड है। दो दिन पहले राजसमंद के रेलमगरा में 14 इंच बारिश दर्ज की गई थी। पूर्वी राजस्थान में राजधानी जयपुर सहित अधिकांश इलाकों में भारी बारिश हुई।

अलर्ट
प्रशासन को आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश।

पूर्वानुमान
24 घंटों में जयपुर व पूर्वी प्रदेश में भारी वर्षा की चेतावनी।

...और इधर पथराव

अलवर जिले के गांव कोठी खेड़ा में शनिवार सुबह वर्षा के पानी को लेकर दो पक्षों के लोगों में हुई कहासुनी ने पथराव का रूप ले लिया। इसमें दोनों पक्षों के करीब 12 लोगों को चोटें आई। पुलिस मौके पर पहुंची और करीब दो दर्जन लोगों को हिरासत में लिया।

लबालब

राहुवास बांध पर 3 इंच की चादर

लवाण इलाके में कई एनीकट टूटे

पांचना बांध के छह गेट खोले

सूरवाल बांध में 7, मोरसागर में 7.10 फीट, गिलाई सागर 7, मानसरोवर 11 फीट, पाचोलास में 6.9 फीट, देवपुरा में 3 फीट 9 इंच पानी आया।

24 घंटे में इतनी बारिश

जयपुर	46.8
सवाई माधोपुर	233
गंगापुर सिटी	253
राहुवास बांध	270
नांगल राजावतान	242
लालसोट	168
लवाण	162